# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :*ukmssbdun@gmail.com*; Website : *www.ukmssb.org*, Phone: **0135 2665366**


पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 12 / 2025–26 / 601 दिनांक– 21 जुलाई, 2026

## नर्सिंग अधिकारी परीक्षा–2025 (चिकित्सा शिक्षा विभागान्तर्गत)

### चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला / पुरूष) डिप्लोमाधारक / डिग्रीधारक के रिक्त 587 पदों (बैकलॉग सहित) पर लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या–उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 12 / 2025–26 / 790, दिनांक– **17 नवम्बर, 2025** के माध्यम से जारी चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में समूह 'ग' के नर्सिंग अधिकारी (महिला / पुरूष) डिप्लोमाधारक / डिग्रीधारक के रिक्त **587** पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन के क्रम में नर्सिंग अधिकारी (डिप्लोमाधारक) महिला / पुरुष पदकोड 301 एवं 303 की लिखित परीक्षा दिनांक 25 जुलाई 2026 (शनिवार) समय प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक तथा नर्सिंग अधिकारी (डिग्रीधारक) महिला / पुरुष पदकोड 302 एवं 304 की लिखित परीक्षा दिनांक 26 जुलाई 2026 (रविवार) समय प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण दिशा–निर्देशों का आवश्यक रुप से अक्षरशः अवलोकन कर लें–

1. मानसून की परिस्थितियों के दृष्टिगत अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र वाले नगर में एक दिन पूर्व पहुंच जायें। परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने हेतु समय से घर से निकल जायें ताकि परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में विलम्ब न हो सके। परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. परीक्षा केन्द्र में मात्र प्रवेश पत्र एवं फोटो आई0डी0 (मूल रुप में) ले जाना अनिवार्य है। निम्नवत्त स्टेशनरी / उपकरण / सामग्री प्रतिबन्धित है– कैल्कुलेटर, लॉगटेबल, मोबाइल फोन, पेजर, ब्लू–टूथ, माइक्रोफोन, घड़ी, हैल्थ बैण्ड, इलैक्ट्रानिक पैन, साधारण पैन, कैमरा, मेटा या एआई युक्त चश्मे एवं अन्य किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रानिक उपकरण, टैक्स्ट मैटीरियल (विषय–वस्तु), कागज के टूकड़े, किताब, हैंडबैग, पर्स, सनग्लास, सफेदा, स्कैनर, स्केल, टोपी, बैल्ट, स्कार्फ, दुपट्टा, हैण्डबैग, चूड़ियां, अन्य धातु की सामाग्री यथा चैन, बैस्लेट, कड़ा इत्यादि। अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में भारी वस्त्र यथा जैकेट, सॉल, टोपी, बूट, भारी तले वाले जूते / चप्पल इत्यादि पहनना प्रतिबन्धित है।
3. परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को स्वयं से पेन / पेंसिल या किसी भी प्रकार का लेखन सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। काला बॉल पैन परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को कक्ष निरीक्षक द्वारा उपलब्ध करा दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को मात्र किराया हेतु धनराशि रखने की अनुमति है।
4. अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी समस्या आती है तो वह समस्या के निवारण हेतु बोर्ड की ई–मेल **helplineukmssb@gmail.com** पर या दूरभाष नम्बर 0135–2665366 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
5. यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया जाता है तथा परीक्षा के सम्बन्ध में भ्रामक सूचनाओं का प्रसारण करता है तो ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम– 2023 में किये गये संगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

ह0 / –

(प्रदीप जोशी)

सचिव